प्रदर्शन — महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने निकाली रैली

# भाजपा पर लगाया जनता को गुमराह करने का आरोप




**जबलपुर ।** बहुत हुई महंगाई की मार का नारा देकर भाजपा ने जनता को गुमराह किया और सरकार में आते ही डीजल,पेट्रोल,शक्कर,प्याज,लहसुन ,तेल जैसी आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान पर पहुंचा दिये हैं जिससे आज हर घर, हर व्यक्ति परेशान है। सरकार द्वारा जनता पर जबरिया लादी गई इस असहनीय महंगाई ने जहां एक ओर हर घर के बजट बिगाड़ दिये हैं तो वहीं मध्यम और निचले स्तर के व्यापार और कारोबारियों का हाल भी बदहाल करके रख दिया है। यह बातें कांग्रेस से पूर्व विधायक विनय सक्सेना ने कहीं। दरअसल आसमान छू रही महंगाई के खिलाफ मंगलवार को पूर्व विधायक विनय सक्सेना के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने विशाल रैली निकाली और भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों सहित महंगाई का मुखर विरोध किया।

### बरसते पानी में भी नहीं थमी पदयात्रा

छोटा फुहारा से प्रारम्भ हुई रैली में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसियों सहित आम नागरिक भी शामिल हुए। बरसते पानी में भी पदयात्रा थमी नहीं बल्कि लोगों ने महंगाई को जनता पर सरकारी जुल्म करार देकर पुरजोर विरोध किया और रैली को समर्थन दिया। सुपरमार्केट पहुंचकर रैली का समापन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं।

### ये रहे उपस्थित

इस रैली में कांग्रेस नेता आलोक मिश्रा, सतीश उपाध्याय,मधु चौधरी,राजेश सोनकर,राजेश तिवारी,सतीश तिवारी,गुड्डू चौबे, मदन लारिया, संजय उपाध्याय,कपिल श्रीवास्तव,अजय रावत,सिद्धांत जैन गोलू, मेवालाल पटेल,पार्षद अख्तर अंसारी,गुड्डू नबी,दिलीप साहू,रज्जू सराफ,सचिन रजक,साहिल यादव, अरुण पवार, महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष कमलेश यादव, रश्मि सिंह, वर्तमान अध्यक्ष प्रियंका सोनी, राखी सराफ,लवली यादव,मनीषा अवस्थी,रेखा जैन,कविता गुप्ता,खुर्शीदा अंसारी,संगीता मिश्रा सहित कांग्रेस नेता हरि तिवारी,मिंटू छिरौलिया, आयुष पहारिया,मनीष पाठक,आलोक गुप्ता,अलकेश गुप्ता,सुशीम धर, रिंकू शर्मा, बब्लू नामदेव,श्याम कोष्टा आदि उपस्थित रहे।

## पर्व में व्यवस्थाएं रहे चाकचौबंद, लापरवाही नहीं हो : निगमायुक्त

**जबलपुर।** शहर में आज ईदमिलाद-उन-नवी त्यौहार मनाया जायेगा। इसके लिए निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने कार्यपालन यंत्री जल, प्रकाश, स्वास्थ्य अधिकारी, एवं सभी संभागीय अधिकारियों को आदेश जारी कर निर्देशित किया है कि त्यौहार के पूर्व पूरे शहर में नियमित रूप से विशेष साफ-सफाई व्यवस्था के साथ-साथ ईदगाहों एवं मस्जिदों के बाहर, पहुंच मार्गो पर, सभी व्यवस्थाएं बेहतर ढंग से सुनिश्चित की जाये।

निगमायुक्त अहिरवार ने बताया कि सभी मस्जिदों, ईदगाहों के आस-पास सफाई के लिए कर्मचारियों की डयूटी लगाकर सफाई कराना, मुस्लिम क्षेत्र में साफ-सफाई, फॉगिंग, कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव, चूने की लाइन डलवाना, मस्जिदों एवं ईदगाह के आस-पास समुचित प्रकाश व्यवस्था, पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था, जुलूस मार्ग में गड्ढ़ों की पुराई एवं आवारा पशुओं को पकड़ने आदि कार्यो को संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी दी हैं।

# जनगणना 2027 में ओबीसी जातिवार गणना की उठी मांग



**नवभारत, जबलपुर।** जनगणना 2027 में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की प्रत्येक जाति एवं उपजाति की स्पष्ट और प्रमाणिक जातिवार गणना करने तथा जनसंख्या के अनुपात में भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग को लेकर संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा, जबलपुर द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं जनगणना आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ओबीसी की वास्तविक जनसंख्या का आंकड़ा जुटाने के लिए डिजिटल प्रणाली में प्रत्येक जाति व उपजाति का पृथक अभिलेखन आवश्यक है। मोर्चा ने मांग की कि 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी भागीदारी' के सिद्धांत के अनुरूप शिक्षा, रोजगार व सरकारी सेवाओं में प्रतिनिधित्व की नीतियों की समीक्षा की जाए और विश्वविद्यालयों में एससी, एसटी एवं ओबीसी आरक्षण के नियमों का प्रभावी पालन हो। आरक्षण सामाजिक न्याय, समान अवसर और पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने का संवैधानिक माध्यम है। इस अवसर पर मोर्चा के संयोजक रामरतन यादव, बैजनाथ कुशवाहा, घनश्याम यादव, रामराज पटेल, नोखे लाल प्रजा, जगदीश नन्हेंट, राकेश श्रीवास, प्रमोद सेन, इंद्र कुमार कुलस्ते, राजेश कोरी, आकाश यादव, माया हुरमाडे, सुरेंद्र यादव, रामदास यादव सहित बड़ी संख्या में अनुसूचित जाति-जनजाति एवं संयुक्त बौद्ध संघर्ष समिति के सदस्य उपस्थित रहे और केंद्र सरकार से जनगणना 2027 को अधिक समावेशी व पारदर्शी बनाने के लिए निर्देश जारी करने का आग्रह किया।

**डिजिटल प्रणाली में प्रत्येक जाति व उपजाति का मिले स्थान**

## गांजे की खेप के साथ तस्कर गिरफ्तार



**जबलपुर ।** गोसलपुर पुलिस ने गांजे की खेप के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से 1 किलो 529 ग्राम गांजा कीमती लगभग 76 हजार 450 रूपये का जप्त किया गया है। टीआई भावना तिवारी ने बताया कि एन एच 30 हाईवे यात्री प्रतीक्षालय बुढ़ागर में घेराबंदी कर राकेश कुशवाहा 40 वर्ष निवासी ग्राम देवनगर को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर एक पैकेट में 1 किलो 529 ग्राम कीमती लगभग 76 हजार 450 रूपये का रखे मिले। पूछताछ करने पर महाराजपुर निवासी मुन्ना से फोन में बातचीत करके उसे मादक पदार्थ गांजा वायपास में लाकर देना बताया। भूपेन्द्र उर्फ छोटू सिंह निवासी गोसलपुर भी उसे मादक पदार्थ गांजा लाकर दिया था दोनों को 1 पैकेट गांजा का 13 हजार रूपये देना बताया। आरोपी राकेश कुशवाहा के कब्जे से 1 किलो 529 ग्राम गांजा जप्त करते हुये एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई ।

## ननि की जनसुनवाई में पहुंची 38 शिकायतें



**जबलपुर।** नगर निगम मुख्यालय और सभी संभागीय कार्यालयों में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई नागरिकों के लिए बेहद राहत भरी साबित हुई। जनसुनवाई में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार सुनवाई करने पहुंचे और नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराया। मुख्यालय में आयोजित सुनवाई के दौरान निगमायुक्त अहिरवार ने लगातार नागरिकों की समस्याओं को सुना और प्राप्त सभी 38 आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर सभी आवेदक काम कराकर चेहरों पर मुस्कान लेकर लौटे। मुख्यालय के साथ-साथ नगर निगम के सभी संभागीय कार्यालयों में भी जनसुनवाई की गयी। संभाग स्तर पर कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई के दौरान अपर आयुक्त विद्यानंद बाजपेई, सौरभ मिश्रा, देवेंद्र चैहान, शिवांगी महाजन, प्रभारी जनसुनवाई वेद प्रकाश चैधरी, कामिनी, गुलाब इमवाती, सुनील दुबे, विष्णु, देवेंद्र पटेल, असद, सतीश मिश्रा व समस्त विभागीय प्रमुख व प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# बड़े तालाब किनारे बसे लोगों पर बुल्डोजर की कार्रवाई पर कोर्ट गंभीर

### एनजीटी को जल्द सुनवाई करने कहा



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने भोपाल के बड़े तालाब किनारे बेदखली और बुलडोजर कार्रवाई के मामले को गंभीरता से लिया है। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस एके सिंह की युगलपीठ ने कहा कि मामला लोगों के जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार से जुड़ा है। न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं को राष्ट्रीय हरित अधिकरण, एनजीटी के समक्ष जाने की स्वतंत्रता दी है। साथ ही एनजीटी के न्यायिक व प्रशासनिक सदस्यों से आग्रह किया है कि मंगलवार को आवेदन पेश होने पर मामले की शीघ्र सुनवाई की जाए।

दरअसल, भोपाल के भदभदा चौराहा स्थित प्रेमपुरा निवासी निसार खान, मोहसिन और एजाज खान ने याचिका दायर की थी। उनका कहना था कि जिला प्रशासन ने बड़े तालाब से 50 मीटर के दायरे में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के तहत उन्हें भी बेदखली का नोटिस जारी किया है।

एनजीटी ने 117 अतिक्रमण हटाकर 31 अगस्त तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि वे जन्म से संबंधित संपत्ति पर रह रहे हैं और उनका मकान तालाब से निर्धारित 50 मीटर की सीमा से बाहर है। इसके प्रमाण के रूप में उन्होंने गूगल मानचित्र का भी हवाला दिया। उनका दावा था कि मानचित्र के अनुसार उनकी संपत्ति निर्धारित सीमा में नहीं आती। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता मुकेश कुमार अग्रवाल ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि उनके मुवक्किल एनजीटी के समक्ष चल रही मूल कार्यवाही में पक्षकार नहीं थे। इसके बावजूद उनका पक्ष सुने बिना बेदखली की कार्रवाई की जा रही है। अधिवक्ता ने कहा कि जब संपत्ति 50 मीटर के दायरे में ही नहीं आती तो कार्रवाई पर सवाल उठता है। हाईकोर्ट ने मामले के गुण-दोष पर कोई अंतिम टिप्पणी किए बिना याचिकाकर्ताओं को एनजीटी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता दी। कोर्ट ने एनजीटी के न्यायिक व प्रशासनिक सदस्यों से आग्रह किया कि आवेदन प्रस्तुत होते ही मामले पर शीघ्र सुनवाई की जाए।

### एक नजर में

## एसी की कॉपर पाईप, ई-रिक्शा से बैटरी चोरी

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना में प्रदीप जैन निवासी रामपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी गोरखपुर मार्केट में सम्पत साड़ी के नाम से दुकान है। अज्ञात चोर एसी की कॉपर पाईप कीमती लगभग 25 हजार रूपये की चोरी कर ले गया है। इसी प्रकार हनुमानताल थाने में शेख राशिद 40 वर्ष निवासी नूरीनगर कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रिपोर्ट दर्ज कराई कि ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड एम 8790 की 2 बेटरी अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।

## डॉ. पुष्पराज पटेल लीडिंग कार्डियोलॉजिस्ट इन मध्यप्रदेश से सम्मानित

**नवभारत, जबलपुर।** हृदय रोगियों की निरंतर बेहतर सेवा और चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल के डायरेक्टर एवं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पराज पटेल को 'लीडिंग कार्डियोलॉजिस्ट इन मध्यप्रदेश' के गौरव सम्मान से नवाजा गया। ग्रैंड वेटीवर होटल में आयोजित समारोह में मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने डॉ. पुष्पराज पटेल को यह सम्मान प्रदान किया। यह सम्मान उनके द्वारा वर्षों से असंख्य हृदय रोगियों को प्रदान की जा रही समर्पित एवं उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं की एक बड़ी सराहना है। सम्मान के इस गौरवपूर्ण क्षण में उनकी धर्मपत्नी स्त्री एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. कावेरी शा पटेल भी उपस्थित रहीं। डॉ. पुष्पराज पटेल के सम्मान की घोषणा पर उपस्थित जनसमुदाय ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य नागरिक एवं चिकित्सा जगत से जुड़े लोग उपस्थित रहे। यह सम्मान जबलपुर के चिकित्सा जगत के लिए भी एक गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

# बगलामुखी सिद्ध पीठ में शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ और महारूद्राभिषेक



**नवभारत, जबलपुर।** श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर में श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ के दौरान भगवान हरिहरेश्वर महादेव एवं पार्थिव शिवलिंग का महारूद्राभिषेक हुआ।

इस दौरान कथा व्यास ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज ने बताया कि अर्धनारीश्वर स्वरूप पुरुष और स्त्री ऊर्जा के मिलन का प्रतीक है और दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने कथा के माध्यम से पाशुपत व्रत का महत्व समझाते हुए कहा कि यह व्रत जीव को जन्म-मरण के बंधनों से मुक्त करने के लिए स्वयं भगवान शिव द्वारा प्रतिपादित किया गया है। जब संसार के समस्त देवता और ब्रह्मा भी माया के बंधन में बंधकर व्याकुल हो गए, तब उन्होंने अपनी मुक्ति के लिए भगवान शिव की शरण ली। इस व्रत का पूरी श्रद्धा से अनुष्ठान करके ही ब्रह्मा आदि समस्त देवता सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर दिव्य शिवत्व को प्राप्त हुए। इस अवसर पर आचार्य राजेंद्र शास्त्री, माया सिंह, हर्षित तिवारी, सुभाष कुदरा, आस्था शिवेंद्र सिंह, पंडित विजय तिवारी, दुर्गा तिवारी, नीता पटेल, सुरेश सरिता कुरेले, अन्नपूर्णा नायकर, गोविन्द साहू, अमित प्रतिक्षा सिंह, ऋचा मिश्रा और मनोज सेन आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

## ग्वारीघाट जा रही महिला से दरिंदगी ऑटो चालक ने किया दुष्कर्म



**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत गुरु नानक वार्ड की रहने वाली एक महिला को झांसे में लेकर एक ऑटो चालक ने सुनसान इलाके में उसके साथ बलपूर्वक दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने महिला का मुंह दबाकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट भी की और वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, गुरु नानक वार्ड निवासी 28 वर्षीय पीड़िता अपने घर से ग्वारीघाट जाने के लिए निकली थी। परियट में मंटा डेयरी के पास रास्ते में उसे एक ऑटो चालक मिला। सफर के दौरान शातिर ऑटो चालक ने महिला को अपनी बातों में फंसा लिया। महिला को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने का झांसा देकर आरोपी ऑटो को निर्धारित रास्ते से भटका कर रजवाड़े ढाबे के पास एक बिल्कुल सुनसान इलाके में ले गया। सुनसान जगह पर पहुंचते ही आरोपी ने अचानक ऑटो रोक दिया और महिला के साथ जबरदस्ती करने लगा। अचानक हुए इस हमले से घबराई महिला ने अपनी जान और आबरू बचाने के लिए मौके पर जोर-जोर से चीखना-चिल्लाना शुरू कर दिया। महिला की आवाज सुनकर कोई वहां न आ जाए, इस डर से दरिंदे ऑटो चालक ने उसका मुंह दबा दिया। जब महिला ने फिर भी विरोध करना जारी रखा, तो आरोपी ने उसके साथ बर्बरतापूर्वक मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर बलपूर्वक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। वारदात के बाद बदहवास महिला को तड़पता छोड़ आरोपी अपना ऑटो लेकर तेजी से भाग निकला। बदहवास हालत में थाने पहुंची महिला ने पुलिस को आपबीती सुनाई।

## डूंगी में सूने घर से जेवर, नगदी ले गए चोर



**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत डूंगी में चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर जेवरात, नगदी पार कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक अनीता बाई झारिया 58 वर्ष निवासी डूंडी ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि बांदकपुर गयी थी। उसका बेटा संतोष सुबह मजदूरी करने पडवार गया था। बहु आरती काम करने चली गयी थी घर पर कोई नहीं था। रात 8-30 बजे आयी तो घर का ताला टूटा एवं कमरे में रखी पेटी खुली पडी थी। अज्ञात चोर सूने मकान का ताला तोड़कर कमरे के अंदर घुसकर पेटी का कुंदा निकालकर सोने का मंगलसूत्र जिसमें 12 सोने की गुरिया लगी थी एंव चांदी की 2 जोड पायल व नगदी 8 हजार रूपये चोरी कर ले गया है।

**1 पेटी में रखे 8 मोबाईल गायब-** लार्डगंज थाने में अंकित अग्रवाल निवासी मुस्कान हाईट नेपियर टाउन ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि मोबाईल ड्स्टूबिशन का काम करता है उसका आफिस गोलबाजार में स्थित है । केबिन के दरवाजे का लॉक तोड़कर चोर टेबिल पर रखी पेटी में रखे 8 मोबाईल पार कर ले गया है।

## राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव में 81 प्रत्याशी बाहर

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद निर्वाचन-2026 की दूसरे चरण की मतगणना में मुकाबला अब बेहद दिलचस्प हो गया है। एलिमिनेशन राउंड के 15वें दिन तीन और प्रत्याशी चुनाव से बाहर हो गए। इनमें अनिरुद्ध सिंह बघेल (सीधी), रावेन्द्र मिश्रा (रीवा) और प्रणेन्द्र रांका (खंडवा) शामिल हैं। 122 प्रत्याशियों में अब तक 81 का एलिमिनेशन हो चुका है, जबकि इंदौर के राकेश सिंह भदौरिया कोटा पूरा कर चुके हैं और उन्हें निर्वाचित माना जाएगा। एलिमिनेशन के बाद संबंधित प्रत्याशियों के मतपत्रों में दर्ज दूसरी वरीयता के मत नियमों के अनुसार अन्य प्रत्याशियों को अंतरित किए गए हैं, जिससे आगे के राउंड में समीकरण तेजी से बदल सकते हैं। मतों के ताजा अंतरण के बाद पुरुष प्रत्याशियों में आर.के. सिंह सैनी (जबलपुर), विवेक सिंह (इंदौर), अखिलेश कुमार सक्सेना (इंदौर), नित्यानंद मिश्रा (जबलपुर) और नरेन्द्र कुमार जैन (इंदौर) बढ़त बनाए हुए हैं। वहीं महिला वर्ग में अब केवल अन्नू पटेल (सिंगरौली) और प्रवीण तिवारी (रीवा) मैदान में हैं।

अलर्ट — ओमती, कोतवाली, गोहलपुर, कैंट संभाग के संवेदनशील क्षेत्रों एवं जुलूस के मार्गों से गुजरा

# गुंडों पर कार्रवाई, नागरिकों को सुरक्षा का एहसास दिलाने फ्लैग मार्च



**जबलपुर।** ईद मिलादुन्नवी पर्व पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के मद्देनजर गुंडे-बदमाशों को कार्रवाई, नागरिकों को सुरक्षा का अहसास दिलाने के लिए ओमती, कोतवाली, गोहलपुर, कैंट संभाग के संवेदनशील क्षेत्रों एवं जुलूस के मार्गों में फ्लैग मार्च किया गया ।

पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने कहा कि निकाले गये फ्लैग मार्च का उद्देश्य आम नागरिक अपने आपको सुरक्षित महसूस करें एवं ईद मिलादुन्नवी पर्व पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखना है। गुण्डे बदमाशों के द्वारा यदि किसी भी प्रकार की कोई अनैतिक गतिविधि को अंजाम देने का प्रयास किया गया तो उसके विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही विधि अनुरूप की जायेगी, किसी को भी बख्शा नहीं जायेगा। नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली अखिलेश गौर, नगर पुलिस अधीक्षक कैंट गोहलपुर उदयभान बागरी के नेतृत्व में ओमती, लार्डगंज, कोतवाली,, हनुमानताल, गोहलपुर , बेलबाग, घमापुर, कैंट, गोराबाजार के बल, पुलिस लाईन के बल के साथ एक फ्लैग मार्च थाना ओमती, लार्डगंज, कोतवाली, हनुमानताल, गोहलपुर बेलबाग, कैंट, के संवेदनशील क्षेत्र में निकाला गया। फ्लैग मार्च कन्ट्रोल रूम से प्रारम्भ होकर कन्ट्रोलरूम में समाप्त हुआ। फ्लैग मार्च में 11 थाना प्रभारी मानस द्विवेदी, नवल आर्य, उमेश यादव, राजपाल सिंह बघेल, जितेन्द्र पाटकर, शशि धुर्वे, रीतेश कुमार पाण्डेय, सुभाषचंद बघेल, प्रवीण कुमरे ,पुष्पेन्द्र पटले, संजीव कुमार त्रिपाठी, थाने के बल के साथ, रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य लाईन के बल के साथ मौजूद रहे ।



# शहनाज अख्तर ने गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में किया भंडारा



**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश की प्रसिद्ध भगवा रंग भजन गायिका शहनाज़ अख्तर ने शहर के गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में लगातार तीसरे वर्ष भंडारा प्रसादी वितरण, रुद्राभिषेक और विशेष शिव पूजन किया। इस दौरान अख्तर ने बताया कि उनके भजन कार्यक्रमों के दौरान भक्तों द्वारा जो भी राशि उन्हें भेंट या दान के रूप में मिलती है, वह उसका उपयोग धार्मिक कार्यों, भंडारे और दान-पुण्य में करती हैं। उनका उद्देश्य इसके जरिए हिंदू सनातन संस्कृति और परंपरा को जीवित रखना तथा आने वाली पीढ़ी तक इस संदेश को पहुँचाना है। इस दौरान शहनाज़ अख्तर ने देश के सभी सनातनियों और बुजुर्गों से एक विशेष अपील भी की। उन्होंने कहा कि आज के समय में हमारे धार्मिक ग्रंथों और शास्त्रों में बदलाव या छेड़छाड़ की आशंका बढ़ रही है, इसलिए वेद, पुराण, उपनिषद और सभी धार्मिक पुस्तकों को सहेज कर और संभाल कर रखना बेहद आवश्यक है। उन्होंने जोर दिया कि यदि हम अपने मूल ग्रंथों की प्रतिलिपियों को सुरक्षित रखेंगे, तभी हमारी आने वाली पीढ़ी सही ज्ञान प्राप्त कर सकेगी और सनातन धर्म की अध्यात्मिकता की ओर अग्रसर हो पाएगी।